करोड़ों की जमीनों पर हुआ गड़बड़झाला

## शहडोल में फर्जी रजिस्ट्री का खुलासा

**शहडोल।** सोहागपुर क्षेत्र में फर्जी रजिस्ट्री के बड़े मामले का खुलासा हुआ है। शासन द्वारा पहले से रोक लगाई गई भूमि रजिसट्रियों को रजिस्ट्री ऑफिस में मिलीभगत से दर्ज कर लिया गया। इस पूरे खेल में करोड़ों का लेन-देन हुआ और भूस्वामियों को ठगा गया। शिकायतकर्ताओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

जिले में रजिस्ट्री ऑफिस पर गंभीर आरोप लगे हैं कि प्रशासन की नाक के नीचे करोड़ों की फर्जी रजिस्ट्री कर दी गई। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार करीब 7-8 रजिसट्रियां उन जमीनों की कर दी गईं, जिन पर शासन ने पहले से रोक लगा रखी थी। इतना ही नहीं फर्जी मुख्तियारनामे (पॉवर ऑफ अटॉर्नी) का इस्तेमाल करके कूटरचित बिक्री पत्र



भी बनाए गए और वास्तविक भूस्वामियों को ठगा गया। पूरे मामले में रजिस्ट्री ऑफिस के साथ स्थानीय दलालों और कथित खरीदारों की मिलीभगत सामने आई है। अब पीड़ितों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और अवैध वसूली की रिकवरी की मांग की है।

### फर्जी मुख्तियारनामों से खेला

### करोड़ों का खेल

शिकायतकर्ताओं ने पत्रों के जरिए बताया कि ग्राम कंचनपुर तहसील सोहागपुर की भूमि पर झूठे और कूटरचित मुख्तियारनामों का सहारा लिया गया। असली मालिकों की जानकारी और अनुमति के बिना ही उनके नाम से दस्तावेज तैयार कर लिए गए। बाद में इन्हीं फर्जी मुख्तियारनामों के आधार पर विक्रय पत्र (सेल डीड) कर दिए गए। दस्तावेजों के अनुसार 11 जुलाई से 15 जुलाई 2024 के बीच कई ऐसे कागजात तैयार हुए और रजिस्ट्री ऑफिस ने उन्हें वैध मानकर दर्ज भी कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि यह सब रजिस्ट्री ऑफिस की मिलीभगत से हुआ है।

### शासन की रोक के बावजूद हुई रजिस्ट्री



सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन जमीनों पर शासन ने पहले से रोक लगा रखी थी, उन्हीं पर रजिस्ट्री कर दी गई। पीड़ितों ने बताया कि इन जमीनों की रजिस्ट्री पर पहले से ही स्थगन (स्टे) लागू था, फिर भी रजिस्ट्री ऑफिस ने नियमों की अनदेखी करते हुए कागजात पूरे कर दिए। इस दौरान करीब 7-8 रजिसट्रियां दर्ज हुईं और करोड़ों रुपए का वारा-न्यारा हुआ। लोगों का कहना है कि यह मामला केवल लापरवाही नहीं बल्कि सीधी-सीधी मिलीभगत और भ्रष्टाचार का उदाहरण है।

जांच और आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग फर्जी रजिस्ट्री से पीड़ित परिवारों ने कलेक्टर, एसडीएम और पुलिस अधीक्षक सहित कई अफसरों को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायतकर्ताओं में गोरेलाल वर्मन, भीमसेन वर्मन, कीर्ति वर्मन, किरण वर्मन, तुलसा वर्मन और सरोज वर्मन शामिल हैं। इनका कहना है कि प्रशासन तत्काल रजिस्ट्री ऑफिस की भूमिका की जांच कराए, जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलीभगत कर यह फर्जीवाड़ा किया है, उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज हो। साथ ही जितनी भी अवैध रजिसट्रियां हुई हैं, उन्हें निरस्त कर उनसे हुई वसूली की रिकवरी की जाए, ताकि भूस्वामियों को न्याय मिल सके।

## खबर संक्षेप

### दो विद्यार्थियों की डूबने से मौत पर प्रभारी प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक निलंबित

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर विकासखंड अंतर्गत माध्यमिक शाला दादर और प्राथमिक विद्यालय दादर में अध्ययनरत दो विद्यार्थियों की दुखद मौत के मामले में विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। 2 सितम्बर 2025 को कक्षा-4 के छात्र संदीप सिंह गोंड़ (माध्यमिक शाला दादर) और सौरभ सिंह (प्राथमिक विद्यालय दादर) विद्यालय समय में स्कूल से बाहर चले गए थे। दुर्भाग्यवश दोनों बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए माध्यमिक शाला दादर के प्रभारी प्रधानाध्यापक मान सिंह श्याम एवं प्राथमिक विद्यालय दादर की सहायक शिक्षक संपतिया देवी सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षकों का यह कृत्य कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता की श्रेणी में आता है, जो मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है। निलंबन अवधि में मान सिंह श्याम का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गोहपारू तथा संपतिया देवी सिंह का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोहागपुर नियत किया गया है। दोनों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा।

### न्यायालयीन प्रकरणों की कलेक्टर द्वारा विस्तार से की गई समीक्षा

**शहडोल।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने न्यायालयीन प्रकरणों एवं अवमानना के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों सें संबंधित न्यायालयीन प्रकरण निराकरण हेतु लंबित हैं, संबंधित विभाग प्रमुख उन प्रकरणों की समीक्षा करें तथा समय पर ओआईसी के माध्यम से न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करें। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गोल बाजार किराना दुकान चोरी का हुआ खुलासा

**धनपुरी।** नगर के गोल बाजार स्थित एक किराना दुकान में हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने छत की सीट तोडक़र चोरी करने वाले आरोपियों को पकडक़र उनके कब्जे से नगदी व किराना सामान बरामद किया है। इस कार्रवाई को लेकर पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है। 29 अगस्त को फरियादी महेश राय, निवासी माइकल चौक धनपुरी, ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी किराना दुकान राय किराना में अज्ञात चोरों ने छत की सीट तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने दुकान से नगदी और किराना सामग्री पार कर ली थी। मामला दर्ज होते ही पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। नगर निरीक्षक धनपुरी खेम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। अमलाई और धनपुरी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में एक संदिग्ध चेहरा सामने आया। आधार पर जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने साइराज सोनी (27), निवासी वार्ड क्रमांक 15, मिनट मार्केट रोड धनपुरी, और एक नाबालिग को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से नगदी व किराना सामग्री कुल कीमत लगभग 12 हजार रुपये बरामद की गई। पूर्व में फरियादी की शिकायत पर धारा 331(4), 305 ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। गोल बाजार में इस चोरी की घटना से लोगों में आक्रोश और सवाल खड़े हो गए थे। लेकिन पुलिस की गंभीरता और त्वरित कार्रवाई ने न केवल आरोपियों को पकड़ लिया, बल्कि चोरी गए सामान की बरामदगी भी कर ली। इस सफलता में नगर निरीक्षक खेम सिंह के साथ प्रधान आरक्षक दीपक तिवारी, आरक्षक राकेश सिंह, रामनाथ और अमित सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चयनित विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया सम्मानित




### पीएसवाई प्रतिभा सम्मान योजना के तहत संभाग के 49 विद्यार्थी चयनित

**शहडोल।** कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में पीएसवाई प्रतिभा सम्मान योजना के तहत चयनित विद्यार्थियो को कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक स्वरूप चेक प्रदान कर सम्मानित किया। पीएसवाई प्रतिभा सम्मान योजना के तहत शहडोल संभाग के 32 विद्यालयो के 49 विद्यार्थियो का चयन किया गया है।

प्रतिभा सम्मान योजना का संचालन केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कक्षा 5 से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियो से ऑनलाइन आवेदन भरवाए गए थे। जिसकी ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को गोल्ड मेडल, 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को सिल्वर मेडल तथा 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को ब्रांस मेडल एवं राशि प्रदाय की जाती है। प्रतिभा सम्मान योजना में भाग लेने वाली स्कूलो को उनके स्कूल से चयनित विद्यार्थियो के आधार पर गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांस मेडल प्रदाय किये जाते है।

कार्यक्रम में महर्षि विद्या मंदिर शहडोल, टाइम्स पब्लिक शहडोल, मॉडल स्कूल अनूपपुर , महर्षि एंग्लो वैदिक स्कूल राजेंद्रग्राम अनूपपुर सरस्वती शिशु मंदिर बिजुरी, नवज्योति मिशन बिजुरी, भारत ज्योति स्कूल अनूपपुर एवं केंद्रीय विद्यालय शहडोल को उत्कृष्टता अवॉड्र्स से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियो को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल प्रशास्ति पत्र एवं 1 विद्यार्थी को 25000 तथा 10 विद्यार्थियो को 1200-1200 रूपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, समाजसेवी संतोष लोहानी सहित शहडोल संभाग के विद्यालयो के प्राचार्य, षिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### अवैध रूप से विक्रय की जा रही 22 बोरी यूरिया एवं ऑटो जप्त



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार शहडोल जिले में यूरिया एवं डीएपी के अवैध खाद विक्रय करने वालो के विरूद्व मैदानी अधिकारियो द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। खाद का अवैध विक्रय रोकने के लिए तहसील ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र सिंह धुर्वे के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी एवं राजस्व टीम के द्वारा किसानो को वितरित किये जा रहे खाद गोदाम मैरटोला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानो ने अवगत कराया कि एक ऑटो में यूरिया खाद 700 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से बेची जा रही है। जिस पर नायब तहसीलदार द्वारा एक किसान को यूरिया खरीदने हेतु भेजा गया, जिसमें प्रदीप पटेल के द्वारा एक बोरी यूरिया 650 रुपए में किसान रामनरेश कोल निवासी भक्ता जयसिंहनगर को विक्रय की गई थी। जिस पर अवैध विक्रय किए जाने के कारण ऑटो और 22 बोरी यूरिया जप्त कर ली गई है।

## शिक्षक की भूमिका अपरिवर्तनीय और जीवन के सच्चे मार्गदर्शक



**शहडोल।** भारत में शिक्षक दिवस हर साल 5 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिन हमारे पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद, दार्शनिक, महान शिक्षक और भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। डॉ. राधाकृष्णन का जीवन विद्यार्थियों और शिक्षा के लिए समर्पित था। शिक्षक हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक हैं, हर व्यक्ति के जीवन में गुरू होते है। ये गुरू शिक्षक ही होते है। शिक्षक ही वह मार्गदर्शक हैं जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। शिक्षक न केवल किताबी ज्ञान से अवगत कराते हैं बल्कि अच्छे संस्कार एवं जीवन मूल्यों को भी समझाते हैं और बुलंदियो के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिक्षक समाज का वह आधार स्तंभ होते हैं जो ज्ञान का संचार करते हैं। आज के युग में जब प्रतिस्पर्धा और तकनीकी ज्ञान तेजी से बढ़ रहा है, तब भी शिक्षक की भूमिका अपरिवर्तनीय है।

संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ लालजी तिवारी विद्यार्थियो को बड़ी सरलता और सहजता के साथ गणित विषय की शिक्षा देते है। श्री तिवारी को वर्ष 2013 में देश के तत्कालिक राष्ट्रपति स्व. प्रणव मुखर्जी जी द्वारा राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है। श्री तिवारी विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उनके भीतर तर्क और समस्या समाधान की क्षमता भी विकसित की। वे बच्चों को रोज़मर्रा की जिंदगी से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से पढ़ाते हैं, जिससे विद्यार्थी आसानी से कठिन अवधारणाओं को समझ जाते हैं।

### चेतना जागृत करता है शिक्षक



शासकीय रघुराज क्रमांक 1 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में पदस्थ श्रीमती संगीता चतुर्वेदी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देशभर में 5 सितम्बर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। शिक्षक शब्द का अर्थ है शिखर तक ले जाने वाला, क्षमा करने वाला और कमजोरियों को दूर करने वाला। शिक्षक चेतना जागृत करता है।

### गुरु ही ज्ञान का प्रकाश



पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में पदस्थ प्रोफेसर श्रीमती मनीषा शुक्ला ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक हैं, जो न सिर्फ शिक्षा देते हैं बल्कि अच्छे संस्कार और जीवन मूल्यों को भी समझाते हैं। वहीं अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन और नैतिकता के साथ आगे बढऩे की समझाइस दी है। शिक्षक दिवस पर जिलेभर में गुरु ही ज्ञान का प्रकाश है का संदेश देते हुए सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

## जीएसटी सुधार ऐतिहासिक, हर वर्ग को मिलेगी राहतः मनवानी



**शहडोल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और सिंधी समाज अध्यक्ष दौलत मनवानी ने जीएसटी काउंसिल में लिए गए फैसलों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह सुधार गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों को घटाकर केवल दो स्लैब - 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत करना क्रांतिकारी कदम है। इससे टैक्स प्रणाली सरल होगी और व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि 175 से अधिक वस्तुओं पर टैक्स कम हुआ है। रोटी-पराठा, दूध और जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी समाप्त कर दिया गया है, वहीं किसानों के उपकरण बेहद कम दर पर उपलब्ध होंगे। श्री मनवानी ने कहा कि सीमेंट और निर्माण सामग्री पर 18 प्रतिशत टैक्स तय होने से घर बनाने वालों को फायदा मिलेगा। मोटरसाइकिल, टीवी और एसी जैसे सामान सस्ते होंगे, जिससे हर वर्ग को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य की दृष्टि से दूरदर्शिता दिखाते हुए तंबाकू और शराब पर भारी टैक्स लगाया है, जो समाज को स्वस्थ बनाने का प्रयास है। भाजपा नेता ने कहा कि यह सुधार शहर से लेकर गांव तक पहुंचेगा और किसान से लेकर व्यापारी तक सबको लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कारोबार आसान होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। श्री मनवानी ने कहा प्रधानमंत्री का विजन अब धरातल पर उतर रहा है। भाजपा सरकार ने जो वादा किया था, उसे निभाया है। यह असली सुशासन है जिसमें गरीब की थाली और घर तक राहत पहुंच रही है।

## त्योहारों को लेकर नगरपालिका हुई सक्रिय

### स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था पर दिया जाएगा विशेष जोर




**धनपुरी।** आगामी नवरात्र, ईद मिलादुन्नबी और गणेश उत्सव को देखते हुए नगर पालिका धनपुरी में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसी सिलसिले में गुरुवार को नगरपालिका सभागार में पैरामाउंट आईईसी एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री पूजा बुनकर, उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में साफ तौर पर निर्देश दिया गया कि नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित ध्यान दिया जाए। यदि किसी वार्ड से स्वच्छता या प्रकाश व्यवस्था को लेकर शिकायत आती है तो तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि त्योहारों के दौरान नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न झेलनी पड़े। नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा ने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर पूरे शहर में सफाई और रोशनी की व्यवस्था बेहतरीन होनी चाहिए। उन्होंने स्वच्छता विभाग को अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था पहली प्राथमिकता में है। जहां कहीं भी शिकायतें मिलें, तुरंत समाधान किया जाए। बैठक में यह भी तय किया गया कि वार्ड पार्षदों द्वारा दी जाने वाली सूचनाओं और नागरिकों की समस्याओं पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के समय शहर की सुंदरता और व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगरपालिका ने ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

### गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आज

**शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के चुने हुए विशिष्ट शिक्षकों का सम्मान तथा सीबीएसई एवं मध्य प्रदेश बोर्ड के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में कुछ उच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों का अभिनंदन कार्यक्रम विधि महाविद्यालय में दोपहर 03 बजे से आयोजित किया गया है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक रवि नेमा ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर विशिष्ट अतिथि और पुलिस महानिरीक्षक सविता सोहाने रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष सुनील कोठारी करेंगे।

### आईजी, डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 14 अगस्त 2025 को प्रदेश भर के लिए डायल 112 वाहन का लोकर्पण किया गया था। पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सुहाने एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने संभागीय मुख्यालय के कंट्रोल रूम में शहडोल जिले के लिए 17 आवंटित डायल 112 वाहनो का पूजन कर संबंधित थानो के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डायल 112 पुलिस की तत्परता बढ़ाने की नई पहल है यह आपातकालीन नंबर सुरक्षित समाज के ईको सिस्टम का आधार बनेगा। यह नंबर जिलेवासियों के लिए पुलिस की ओर से त्वरित प्रतिक्रिया का वादा और सहायता के लिए जिम्मेदार सिद्ध होगा। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि डायल 112 वाहन योजना के तहत शहडोल जिले को 17 वाहन आवंटित किए गए हैं। डायल 112 को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ लॉन्च किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश पुलिस ने इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 112 की शुरुआत की है, जिसे डायल करने पर नागरिकों को हर तरह की सहायता प्राप्त होगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दीवान सहित थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहें।



## एसईसीएल सोहागपुर एरिया ने सात भू-आश्रितों को दिया रोजगार



**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया कोयला उत्पादन के साथ-साथ भू-आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराने में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में विगत दिनों एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में रामपुर और खाड़ा ग्राम के सात भू-आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर एरिया महाप्रबंधक (संचालन) मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और ग्रामीण विकास की दिशा में कंपनी का सार्थक कदम है। उन्होंने नए नियुक्त कर्मियों को ईमानदारी, निष्ठा और परिश्रम के साथ कार्य कर कंपनी की प्रगति में योगदान देने की बात कही। प्रबंधन का कहना है कि रोजगार उपलब्ध कराना भी कोयला उत्पादन जितनी ही प्राथमिकता है। रामपुर ओपनकास्ट प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण के बाद जिस तेजी से भू-आश्रितों को नियुक्तियां दी जा रही हैं, उसके नतीजे अब साफ दिखाई दे रहे हैं। बड़ी संख्या में आश्रितों को अब तक नौकरी मिल चुकी है और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है।

इसी बीच, बिलासपुर मुख्यालय से 24 भू-आश्रितों की नियुक्ति को स्वीकृति भी मिल चुकी है। इनमें भगवान दास बैगा, दीपा बैगा, रेखा बैगा, अनुभव द्विवेदी, नवनीत कुमार पांडे, अमित कुमार बैगा, हरिओम त्रिपाठी, सागर शर्मा, ऋषभ कुमार मिश्रा, शशिकांत तिवारी, कमलेश कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, नीरज तिवारी, विष्णु प्रसाद बैगा, संजय कुमार मिश्रा, अभिषेक तिवारी, हीरालाल राठौर, शिवांशु साहू, पंकज बरमन, पुष्पेंद्र कोरी, अनुराग कुमार शर्मा, अरविंद कुमार शर्मा, शिवेंद्र कुमार शर्मा और विवेक शुक्ला शामिल हैं। जल्द ही इन सभी को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि जहां-जहां भूमि अधिग्रहण किया गया है, वहां के भू-आश्रितों को प्राथमिकता से रोजगार दिया जाएगा। कोयला उत्पादन के साथ-साथ स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कंपनी लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप



उमरिया। जिले के बिरसिंहपुर पाली के ग्राम पंचायत चौरी में विराजे गणपति

### फर्जी प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की जांच हेतु समिति गठित

उमरिया। बांधवगढ टाईगर रिजर्व के पनपथा रेंज अंतर्गत राहगीरों एवं नागरिकों पर एसडीओ फारेस्ट भूरा गायकवाड एवं उनकी टीम व्दारा फर्जी प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति में संभागीय मंडल प्रबंधक वन विकास निगम मंडल उमरिया आई एफ एस अमित पटौदी,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर टी आर नाग, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागेन्द्र सिंह अनुभाग मानपुर सदस्य शामिल है। समिति उक्त प्रकरण की विस्तृत जांच कर अपना अभिमत सात दिवस के अंदर प्रस्तुत करेगी ।

### अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 1 से 8 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन

उमरिया। शिक्षा सभी के लिए थीम अंतर्गत वर्तमान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों के अनुसार एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश को शत प्रतिशत साक्षर करने हेतु उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जन-जन साक्षर की भावना से वर्ष 2022 से 2027 तक के लिए संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्ति को शिक्षित करती है बल्कि उसके अधिकारों एवं कर्तव्यों की ओर भी जाग्रत करती है। शिक्षा की उसी महत्ता को प्रदर्शित करते हुए प्रतिवर्ष अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 08 सितम्बर को मनाया जाता है। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कॉलरी उमरिया में आयोजित होगा। जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं, शिक्षकों, डी एल एड के प्रशिक्षार्थियों, समुदाय के सदस्यों, आंगनवाडी, पंचायत राज संस्थाए, एसएचजी कार्यकर्ता, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी ,नगर पालिका के कार्यकर्ता आदि का सहयोग लिया जाकर गतिविधियों का आयोजन किए जाने के कलेक्टर ने निर्देश दिए है।

### नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी रामनगर पुलिस की गिरफ्त में



राजनगर। थाना रामनगर में फरियादी रितिका पिता जगदीश उम्र 17 वर्ष 09 माह निवासी राजनगर (परिवर्तित नाम) की शिकायत पर आरोपी अधिकलाल यादव के विरुद्ध अपराध क्रमांक 227/25, धारा 74, 75(1), 78 बीएनएस एवं धारा 7, 8, 9, 10 पॉक्सो एक्ट के तहत दिनांक 19 अगस्त को प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। फरियादी घटना के समय आरोपी के शोरूम पर कार्यरत थी तथा घटनाएं 17 अगस्त एवं 19 अगस्त को घटित हुईं। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। जिसके परिणामस्वरूप थाना रामनगर पुलिस ने आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर 3 सितम्बर को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक, उप निरीक्षक फूलवती अहिरवार, प्रआर सनत द्विवेदी एवं आर मदगेन्द्र पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

### अटल कार्यकर्ताओं का उनके घर पर जाकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज कोतमा। कोतमा विधानसभा में अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में जनसंघ से भाजपा तक निरंतर सक्रिय रहते हुए समाज एवं संगठन के लिए समर्पित योगदान देने वाले अनूपपुर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश ताम्रकार एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत जैन के निवास पर स्वागत किया।

# शहडोल में आरके ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड ने शुरू किया बड़ा प्रोजेक्ट






## 300 लोगों को मिलेगा रोजगार

शहडोल।

**जिले के सोहागपुर क्षेत्र में विकास और रोजगार की नई उम्मीद जगाते हुए रायपुर की प्रतिष्ठित कंपनी आरके ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड ने कोयला उत्खनन और ओवरबर्डन हटाने का काम शुरू कर दिया है। इस काम का भूमि पूजन कंपनी ने 4 सितंबर को विधिवत तरीके से किया।**

यह कार्य दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड से कंपनी को मिला है, जिसकी कुल लागत लगभग 300 करोड़ रुपये है। इस परियोजना से सीधे तौर पर करीब 300 लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे न केवल रोजगार पाने वाले परिवारों को सहारा मिलेगा बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से भी स्थानीय बाजार, परिवहन सेवाएं और छोटे व्यवसाय सक्रिय होंगे। इसका असर पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक रूप से पड़ेगा।

### अनुभवी कंपनी और मजबूत नेतृत्व

आर.के.ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड की स्थापना वर्ष 2003 में हुई थी। कंपनी का मुख्यालय रायपुर में है और यह निर्माण, परिवहन, कोयला व्यापार और रेत खनन जैसे क्षेत्रों में काम करती है। कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत है और इसे देश की प्रमुख रेटिंग एजेंसी एसीयुटे ने लॉन्ग टर्म के लिए ए (स्टेबल) और शॉर्ट टर्म के लिए एआई रेटिंग दी है। कंपनी का नेतृत्व अनुभवी निदेशक मंडल कर रहा है। इसमें सुशील कुमार सिंघल, निशा सिंघल, विजय कुमार अग्रवाल, दशरथ प्रसाद मिश्रा, चंद्र प्रकाश सिंह और प्रबंध निदेशक सुभाष चंदर सिंघल शामिल हैं। इन सभी के मार्गदर्शन में कंपनी ने हमेशा समय पर और गुणवत्ता के साथ काम पूरा किया है। यही वजह है कि कंपनी पर सरकारी संस्थाओं और बड़े प्रोजेक्ट्स का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

### स्थानीय जिम्मेदारी और रोजगार

सोहागपुर क्षेत्र में इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मोमसम थॉमस और अजय यादव को सौंपी गई है। इनके नेतृत्व में काम को तेजी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। स्थानीय लोगों को



रोजगार देने पर कंपनी का खास जोर है। प्रत्यक्ष 300 नौकरियों के अलावा यह प्रोजेक्ट अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार पैदा करेगा। परिवहन, खानपान, छोटे कारोबार और सेवा प्रदाताओं के लिए यह बड़ा अवसर साबित होगा।

### केंद्र सरकार और कोल इंडिया की मंशा के अनुरूप

केंद्र सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड का लक्ष्य है कि देश में कोयला उत्पादन को बढ़ाया जाए और साथ ही स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिलें। आरके ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड का यह कदम सरकार की इस मंशा को साकार



करने वाला है। कंपनी का यह प्रोजेक्ट उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में भी बड़ी पहल है।

### भविष्य की संभावनाएं

कंपनी के पास इस समय लगभग 1280 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर बुक है। इससे यह साफ है कि आने वाले वर्षों में भी कंपनी लगातार काम और रोजगार के नए अवसर लेकर आगे बढ़ेगी। कंपनी की पहचान केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है बल्कि वह जहां भी काम करती है वहां के लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने में योगदान देती है।



## गणेश पण्डाल में कराया गया कन्या भोजन

**हरिभूमि न्यूज बदरा।** गणेश पण्डाल मे कन्या भोजन कराया गया सुबह गणेश जी की आरती प्रसाद वितरण के बाद भक्तिमय कार्यक्रम गीत संगीत रखा गया था। दोपहर 12 के बाद नौ कन्याओं को कन्या भोजना कराया गया। पहले कन्याओं का चरण धोकर उनकी आरती वंदना किया गया फिर प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम में सम्मिलित चंद्रावती साहू, पुष्पा साहू, किरण साहू, विंध्या एवं सीता द्वारा भोजन एवं प्रसाद की तैयारी की गई। गणेश पंडाल की देखरेख में राजकुमार साहू राजेंद्र विश्वकर्मा रौनक साहू नारायण एवं सुभाष विश्वकर्मा सराहनीय योगदान है।

# नगर में गणेशोत्सव की धूम, गजानन के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु







नौरोजाबाद।

नगर में गणेशोत्सव की धूम देखने को मिल रही है, इंदिरा चौक, बाजारपूरा, मंडी खोली सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्तों ने भजन-कीर्तन और सुंदर पंडाल सजावट के साथ प्रथम पूज्य श्री गणेश की आराधना शुरू कर दी है।

नगर के प्रमुख गणेश मंदिरों श्री सिद्ध गणेश मंदिर गौरीघाट, सुप्तेश्वर गणेश मंदिर, रतननगर, रामपुर गणेश मंदिर और दीक्षितपुरा गणेश मंदिर - में भी धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं, वहीं शाम होते ही विद्युत सजावट से पंडाल जगमगा उठते हैं।

भक्त सुबह-शाम गणपति की आरती में शामिल होकर सुख-समृद्धि और मंगलकामना कर रहे हैं। घर-घर में भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ पूजा-पाठ कर रहे हैं। देर रात तक नगर की गलियों और चौक-चौराहों पर चहल-पहल बनी रहती है।

गणेशोत्सव के दौरान विभिन्न समितियों द्वारा हवन-पूजन, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, 6 सितंबर शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गजानन की प्रतिमाओं का विसर्जन जुहिला नदी में किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने पूर्व की भांति सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। हाल ही में थाने परिषद में हुई शांति समिति की बैठक में विसर्जन व्यवस्था को लेकर संबंधित समितियों और गणमान्य नागरिकों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

गणेशोत्सव की इस धार्मिक और सांस्कृतिक छटा से पूरा नगर भक्ति, उल्लास और आस्था से सराबोर नजर आ रहा है।

# मानपुर में स्थाई बस स्टैंड निर्माण को लेकर उठी मांग
## नागरिकों ने पूर्व निर्धारित भूमि पर ही निर्माण कराने पर दिया जोर

मानपुर।

विधानसभा मुख्यालय में स्थाई बस स्टैंड निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर परिषद मानपुर के पार्षदों सहित गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूर्व में राजस्व भूमि पर तय किए गए स्थल पर ही बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए।

ज्ञात हो कि उक्त भूमि पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा निरीक्षण कर बस स्टैंड हेतु उपयुक्त माना गया था और खसरे में दर्ज भी किया गया है। यहां तक कि मानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह ने भी इसी भूमि पर बस स्टैंड निर्माण हेतु भूमि पूजन कर घोषणा की थी।

नागरिकों का कहना है कि कोर्ट के पास बस स्टैंड बनने से यात्रियों को न्यायालय, तहसील, एसडीएम कोर्ट, नगर परिषद, संदीपनी स्कूल



सहित अन्य प्रमुख कार्यालयों तक आसानी से पहुंच मिलेगी। वहीं सिगुड़ी मोड़ पर बस स्टैंड बनने की स्थिति में आम जनता, खासकर गरीब और बुजुर्ग यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

व्यापारी संघ अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन से मांग की है कि नगर विकास एवं सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित स्थल पर ही बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए। साथ ही उन्होंने नगर परिषद से मार्केट के भीतर से भारी वाहनों का प्रवेश बंद कराने, नाली निर्माण, सुलभ शौचालय और रैन बसेरा जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित करने की भी मांग रखी। नगर परिषद के पार्षदों ने 24 अगस्त 2024 को आवेदन देकर बस स्टैंड स्थल परिवर्तन का विरोध किया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पार्षद श्रीमती खुशबू गुप्ता ने बताया कि 3 सितंबर 2025 को होने वाली परिषद की बैठक में इस मुद्दे को एजेंडे में शामिल करने की मांग की गई है।

स्थानीय अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष कुशलेंद्र तिवारी, अनिरुद्ध मिश्रा, नागेंद्र पटेल और मुन्नालाल चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि पूर्व निर्धारित राजस्व भूमि पर बस स्टैंड बनाना ही तर्कसंगत है। उनके अनुसार यहां आसपास शैक्षणिक संस्थान, छात्रावास, नगर परिषद कार्यालय और राजस्व भूमि उपलब्ध है, जिससे भविष्य में बस स्टैंड का विस्तार भी संभव है। जनमानस, व्यापारी संघ, अधिवक्ता संघ और जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से विधायक सुश्री मीना सिंह और कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन से निवेदन किया है कि नगर की सुविधा और विकास को ध्यान में रखते हुए पूर्व चिन्हित भूमि पर ही स्थाई बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए।

# एक साल बाद चोरी के मशरूका के साथ धराया अन्तरर्ज्यीय चोर

हरिभूमि न्यूज राजनगर।



28.05.2024 को फरियादी कृष्णा कुमार सिंह पिता स्व. रामेश्वर सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी काटर नं. बी/7 बाबू लाइन राजनगर ने थाना रामनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मां के स्वर्गवास के कारण वे परिवार सहित ग्राम नोनार, थाना पीरो जिला भोजपुर (बिहार) चले गए थे। 25.05.2024 को सुबह करीब 07:00 बजे जब वे अपने घर लौटे तो देखा कि स्टोर रूम की सीट कटी हुई थी और रखी हुई बड़ी पेटी का कुंदा उखड़ा हुआ था। पेटी खोलकर देखा तो उसमें रखे पुराने पीतल-कांसा के बर्तन (कड़ाही, परात, कलसूप, गिलास, कटोरी, थाली, पतीला, बाल्टी, दिया, प्लेट आदि), पुराना चांदी का पायल, सोने की चैन, चांदी का मेंहदी हाथ का कड़ा एवं नकद 2000 चोरी हो गए थे। इस पर अपराध क्रमांक 223/24 धारा 457, 380 भा.दं.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन पर तत्परता से आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। प्रकरण में एक आरोपी को घटना के कुछ समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। दूसरा आरोपी रवि केवट पिता जवाहर केवट उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 19, चोपड़ा शांतिनगर, मनेंद्रगढ़ जिला एमसीबी (छ.ग.) घटना दिनांक से फरार था। लगातार खोजबीन एवं पतासाजी के बाद 4 सितंबर को आरोपी रवि केवट को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय कोतमा में पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामनगर उपनिरीक्षक सुमित कौशिक के नेतृत्व में प्रआर सनत द्विवेदी, अमित पटेल, अनुराग सिंह, आर अनुराग भार्गव, मआर संगम तोमर का विशेष योगदान रहा।

# कम्पनी के दिवंगत कर्मियों के परिवारों को मिली राहत
## एसईसीएल ने एक माह में 102 आश्रितों को दी नौकरी

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** एसईसीएल के सतर्कता एवं मानव संसाधन विकास विभाग की सक्रिय पहल से दिवंगत कर्मियों के परिवारों को राहत मिली है। बीते अगस्त माह में कंपनी ने 102 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। अनुकम्पा नियुक्ति के आवेदन लंबित रहने की शिकायतें समय समय पर सामने आती रही हैं। कंपनी ने इस बार सक्रिय पहल करते हुए अनुकम्पा के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया है। अगस्त माह में सर्वाधिक 21-21 नियुक्तियाँ बैकुंठपुर क्षेत्र और चिरमिरी क्षेत्रों में की गईं हैं। बाकी अन्य क्षेत्र जोहिला क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र, जमुना कोतमा क्षेत्र, सोहागपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र, इन के अलावा अन्य क्षेत्रों को मिलाकर इस वर्ष अप्रैल 2025 से अब तक कुल 182 आश्रितों को नौकरी दी जा चुकी है। कंपनी द्वारा आश्रितों के प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द नियुक्तियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं। कंपनी के मानव संसाधन एवं सतर्कता विभाग के संयुक्त प्रयास से रोजगार प्रक्रिया में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि आश्रितों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और उनके प्रकरणों का त्वरित निपटारा हो सके। एसईसीएल प्रबंधन का कहना है, कि आश्रितों के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित रोजगार उपलब्ध कराना कंपनी की प्राथमिकताओं में से एक है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

# डोला नगर परिषद की पहल, आवारा पशुओं पर लगाये जा रहे रेडियम

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

नगर परिषद डोला क्षेत्र में आवारा पशुओं से हो रही लगातार दुर्घटनाओं पर अब लगाम कसने की पहल शुरू हो गई है। गणेश उत्सव जैसे आयोजनों के दौरान नगर के चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर भीड़भाड़ रहती है, वहीं सड़कों पर बैठे पशुओं की वजह से कई वाहन चालक और राहगीर चोटिल हो चुके थे। इन्हीं घटनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद की टीम ने विशेष अभियान चलाकर आवारा पशुओं पर रेडियम पट्टियां लगाना शुरू किया है। यह व्यवस्था खासकर रात के समय वाहनों की हेडलाइट में दूर से ही चमक उठेगी और चालक आसानी से पशुओं को देख सकेंगे। इससे हादसों पर काफी हद तक रोक लगने की उम्मीद है। नगर परिषद की इस अभिनव पहल की आमजन में खूब चर्चा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन का यह प्रयास न केवल सड़क सुरक्षा के लिए उपयोगी है बल्कि इंसान और पशु दोनों की जिंदगी सुरक्षित करने वाला कदम है।



### लगातार जारी रहेगा अभियान

नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और के निर्देशन में बीते चार दिनों से कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न वार्डों व हाईवे मार्गों पर घूमने वाले पशुओं को चिन्हित कर रेडियम लगाना शुरू किया है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### जनता की प्रतिक्रियाएँ

स्थानीय व्यापारी सुनील गुप्ता ने कहा यह पहल बहुत जरूरी थी, अब रात में गाड़ी चलाना सुरक्षित होगा। निवासी रीना कोल का कहना है कई बार सड़क पर अचानक पशु दिख जाते थे और हादसा होते-होते बचता था, अब यह खतरा कम होगा। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमित ने कहा "नगर परिषद की यह सोच काबिल-ए-तारीफ है। इंसानों और पशुओं दोनों की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाया गया है।

### इनका कहना है

हमारा प्रयास है कि नगर में किसी भी नागरिक को सड़क हादसों का शिकार न होना पड़े। आवारा पशुओं की मौजूदगी हमारी चुनौती रही है, लेकिन रेडियम लगाने से काफी हद तक दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जरूरत पड़ने पर इसे और व्यापक किया जाएगा।

**रीनू सुरेश कोल, अध्यक्ष**
**नगर परिषद डोला**

नगर परिषद के इस प्रयास से पशुओ व वाहन चालक दोनों की सुरक्षा रहेगी। परिषद द्वारा पशुओ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

**सुजीत कुमार रांठे**
**वाहन चालक इंदौर**

**खबर संक्षेप**

## कंप्यूटर एग्जाम में इंदिरा गांधी कॉलेज के छात्र,छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**ब्यौहारी।** ब्यौहारी के अग्रणी कंप्यूटर कॉलेज माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबंध इंदिरा गांधी कंप्यूटर कॉलेज के वार्षिक एग्जाम बीसीए, डीसीए, और पीजीडीसीए में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और अच्छे अंक प्राप्त किया 6 अंक प्राप्त करने वालों मे बीसीए फाइनल में टॉपर शैलेंद्र कुमार पांडे 87% अंक प्राप्त किया दूसरे स्थान में श्रेया 85%, अमरेश कुमार कुशवाहा 84, इसी तरह से बीसीए फोर्थ सेमेस्टर में आकांक्षा सिंह ,हिमानी आसुदानी, शिवांश मिश्रा का अच्छा प्रदर्शन रहा बीसीए सेकंड सेम में आशि गुप्ता ,परिधि निगम अनमोल चतुर्वेदी ने अच्छा प्रदर्शन किया पीजीडीसीए फाइनल में सुषमा पटेल टॉपर रही दूसरे स्थान पर अंकिता तिवारी रही गीतांजलि पटेल एकांश गौतम तीसरे चौथे स्थान पर रहे वहीं डीसीए फाइनल में हिमांशी समदरिया प्रथम साधना कोल दितीय रही और गायत्री रावत तीसरे स्थान पर रही इन छात्र-छात्राओं ने अच्छी पढ़ाई करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नवीन भवन का हुआ भूमि पूजन



**उमरिया।** ब्यौहारी पंडित राम किशोर शुक्ला शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय नवीन भवन का भूमिपूजन क्षेत्र के विधायक शरद को ल ने किया एवं महाविद्यालय को कई सौगातें दीं जो क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है इस भवन के बनने से पीजी कक्षाओं की सभी संकाय खुलने का रास्ता साफ हो जाएगा नवीन भवन 3 करोड़ 69 लख रुपए से बनकर तैयार होगा जिसमें लाइब्रेरी ऑडिटोरियम एवं शैक्षणिक कक्ष शामिल है भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री कृष्ण गुप्ता नगर परिषद अध्यक्ष, आकांछी सिंह जनपद अध्यक्ष, विनय गुप्ता मंडल अध्यक्ष, राजेंद्र वैश्य अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके तिवारी, आरसी त्रिपाठी प्रोफेसर ,वंश बहादुर सिंह एवं समस्त क्षेत्र की स्टाफ उपस्थित रहा।

## गणपति के दरबार में दर्शन करने पहुँच रहे श्रद्धालु

**स्लीमनाबाद।** प्रथम पूज्य देव, विघ्न विनाशक गणपति, गजानन का दस दिवसीय गणेशोत्सव का पावन पर्व चल रहा है।घरो सहित विशाल पंडालो में गणपति विराजमान है।जहां पूजा अर्चना का दौर सुबह व शाम चलता है। विशेषकर शाम के समय प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में भक्त गणपति बप्पा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। शाम के समय गणेश झांकियों के दर्शन कर भक्तिमय भाव की ओर भक्त दिख रहे है। देर शाम तक गणेश पंडालो मैं भजन संकीर्तन व रामायण मंडलों के द्वारा रामचरित मानस पाठ किया जा रहा है। वही महिलाओं के द्वारा भी देर शाम तक घरों व पंडालो मैं भी भजन संकीर्तन किये जा रहे है।

# जीएसटी सुधार ऐतिहासिक, हर वर्ग को राहत देने वाला फैसला : दौलत

**शहडोल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और सिंधी समाज के अध्यक्ष दौलत मनवानी ने जीएसटी काउंसिल में लिए गए फैसलों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह सुधार गरीब,किसान,मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आमजन की तकलीफों को समझते हुए टैक्स व्यवस्था को न केवल सरल बनाया है बल्कि लोगों की जेब पर पड़ने वाला बोझ भी घटाया है।

दौलत मनवानी ने कहा कि जीएसटी दरों को घटाकर केवल दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत करना जनता के लिए क्रांतिकारी कदम है। इससे टैक्स प्रणाली समझने में आसान होगी और व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बार-बार वादा किया था कि टैक्स ढांचा सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा, और आज वही वादा पूरा होते हुए दिखाई दे रहा है।

उन्होंने बताया कि 175 से अधिक वस्तुओं पर जीएसटी घटाने का फैसला आम आदमी की थाली और जेब दोनों को हल्का करने वाला है। दौलत मनवानी ने कहा कि रोटी-पराठा, दूध और जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी समाप्त कर दिया गया है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। इसी तरह कृषि उपकरणों और किसानों की जरूरत की वस्तुओं को भी बेहद कम दर पर उपलब्ध कराया जाएगा।

दौलत मनवानी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों और मजदूरों के हित को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, "जब किसान सस्ती मशीनें और बीज पाएंगे, जब मजदूर का राशन सस्ता होगा, तो देश की अर्थव्यवस्था अपने



आप मजबूत होगी। यही सोच भारतीय जनता पार्टी की पहचान है।"

उन्होंने कहा कि घर बनाने वालों के लिए सीमेंट और निर्माण सामग्री पर टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे लोगों को अपना घर बनाने में सहूलियत होगी। दौलत मनवानी ने कहा कि भाजपा सरकार का यह कदम गरीबों के सपनों को सच करने वाला है।

भाजपा नेता ने कहा कि वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर टैक्स घटने से ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, "अब मोटरसाइकिल, टीवी और एसी जैसी चीजें आम आदमी की पहुंच में आएंगी। यह सुधार हर वर्ग को राहत देने वाला है।"

दौलत मनवानी ने कहा कि भाजपा सरकार केवल राहत ही नहीं दे रही, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी दूरगामी सोच अपना रही है। तंबाकू और शराब जैसी हानिकारक वस्तुओं पर भारी टैक्स लगाने का फैसला लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ समाज बनाने में मदद करेगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सुधार केवल शहरों तक सीमित नहीं है बल्कि गांव-गांव तक इसका लाभ पहुंचेगा। शहडोल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में किसानों और मजदूरों को इससे सीधा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, "यह भाजपा सरकार का असली सुशासन है, जिसमें गांव का किसान और शहर का व्यापारी दोनों एक साथ तरक्की करेंगे।"

दौलत मनवानी ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो वादा किया था, उसे निभाया है। उन्होंने कहा कि टैक्स व्यवस्था को सरल बनाकर भाजपा ने न केवल जनता को राहत दी है बल्कि व्यापारियों के लिए भी वातावरण आसान किया है। उन्होंने कहा, "अब कारोबार करने वालों को भी प्रक्रियाओं से राहत मिलेगी और अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी।"

भाजपा नेता ने कहा कि शेयर बाजार और उद्योग जगत ने भी इस सुधार को सकारात्मक रूप से लिया है। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले महीनों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश की जीडीपी में मजबूती आएगी। उन्होंने कहा, "भाजपा सरकार का हर कदम जनहित और राष्ट्रहित में होता है। यही वजह है कि देश की जनता आज विश्वास के साथ भाजपा का समर्थन करती है।" दौलत मनवानी ने कहा कि शहडोल समेत पूरे देश में जीएसटी सुधार को आमजन की राहत और विकास का नया अध्याय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन अब स्पष्ट रूप से धरातल पर उतर रहा है। भाजपा सरकार गरीब से गरीब आदमी की थाली और घर तक राहत पहुंचाने में सफल रही है।

# यूरिया की कालाबाजारी करते हुये पकड़ाये दलाल

**ब्यौहारी।** खाद वितरण केन्द्र डबल लाक गोदाम मंटोला से 03/09/2025 को अनुविभागीय अधिकारी महोदय ब्यौहारी के निर्देशन में नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी एवं राजस्व टीम के द्वारा खाद वितरण में मन टोला स्थिति खाद्य गोदाम में वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिसके लिए राजस्व टीम मैर टोला ब्यौहारी वितरण केंद्र में लगभग 1 बजे पहुंची। जहां पर कुछ किसानों द्वारा बताया गया कि एक ऑटो में यूरिया खाद 700 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से बेची जा रही है। जिस पर तहसीलदार द्वारा एक किसान को यूरिया खरीदने हेतु भेजा गया, जिसमें प्रदीप पटेल के द्वारा एक बोरी यूरिया 650 रुपए में किसान रामनरेश कोल निवासी भक्तु जयसिंहनगर को विक्रय की गई। जिस पर अवैध विक्रय किए जाने के कारण ऑटो और 22 बोरी यूरिया जप्त कर ली गई है।



### ईनका कहना है

हमने एक नकली ग्राहक भेजा था जिसको 650 सो रुपए में रामनरेश कोल भत्तू को 650 रूपये में यूरिया दिया गया यूरिया गोदाम के सामने ही बिक रही थी उसके बाद आटो से 22 बोरी यूरिया जप्त की गई है राकेश पटेल सरवाही एवं सत्य प्रकाश पटेल भोगिया द्वारा बताया गया कि हमारे परमिट की खाद है उनके परमिट की जांच की गई जिसमें राकेश पटेल के पास 13 एकड़ खेत है जिसके मान से उसको तेरह बोरी यूरिया मिलनी चाहिए जो वो पहले ही ले चुका था लेकिन गोदाम प्रभारी की मिली भगत से उसके ऋण पुस्तिका में जहां पर यूरिया दर्ज की जाती है वहां पर पन्नी लगाकर पांच बोरी और अतिरिक्त यूरिया दे दी गई ऑटो चालक और संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है ।

**सनी द्विवेदी**
**नायब तहसीलदार ब्यौहारी**

## कश्यप गोत्र आचार्य श्री कश्यप जी महाराज की आज जयंन्ती बड़े धूमधाम केसरवानी समाज के द्वारा मानाई जायेगी

**ब्योहारी।** ब्योहारी केसरवानी समाज नगर के तत्वावधान में केसरवानी नगर सभा कि तीनों इकाई के द्वारा 5 सितम्बर 2025 को केसरवानी समाज के धर्मशाला में गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज का कश्यप जयंन्ती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम मानाया जाएगा दिन शुक्रवार दिनांक 05- 09 - 2025 को मानाया जाएगा सुबह 8 से 5 बजे शाम कार्यक्रम चलेगा*




ब्योहारी केसरवानी समाज के धर्मशाला में गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज जयंन्ती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केसरवानी समाज के तत्वावधान में केसरवानी नगर सभा कि तीनों इकाई केसरवानी नगर सभा, महिला सभा, व तरूण सभा के मार्ग दर्शन में होगा सभी केसरवानी समाज के स्वाजातिय बन्धू पुरुष व महिला व तरूण सभी लोग निश्चित पहुंच कार्यक्रम में भागीदार बन श्री कश्यप जी महाराज जयंन्ती को सफल बनाने में श्रम कर आप सभी अपना कार्य समझ कर अवश्य पहुंचे है। #विभिन्न कार्यक्रम का विवरण_# सुबह 8 बजे से गोत्राचार्य श्री कश्यप जी महाराज का पूजन व आरती* (२) *सुबह 9 बजे झण्डा फहराया जाएगा व सुन्दर काण्ड पाठ* (*) *सुबह 11 बजे श्री कश्यप जी महाराज जयंन्ती व शिक्षक सम्मान* (४) *दोपहर 1 बजें से सभी लोगों का भोजन प्रसाद होगा* (५) *अपरांन्ह 2 बजें से सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला सभा द्वारा* व *बौद्धिक कार्यक्रम तरूण सभा द्वारा होगा।

# धनपुरी फॉरेस्ट में रेत और लकड़ी माफियाओं का आतंक, जिम्मेदार मौन





**धनपुरी।** बुढ़ार वन क्षेत्र अंतर्गत धनपुरी फॉरेस्ट में इन दिनों रेत और लकड़ी की अवैध चोरी का कारोबार जोरों पर है। बगहिया नाला, मुरकटिया नाला और आसपास की छोटी–छोटी नदियां व नाले अवैध रेत खनन के गढ़ बन चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में ही नहीं बल्कि दिनदहाड़े भी ट्रैक्टर और बोरी के माध्यम से रेत की ढुलाई खुलेआम की जा रही है। इस पूरे खेल में बीट गार्ड और खाकी वर्दीधारियों की मिलीभगत होने की बात सामने आ रही है, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### वन विभाग की लापरवाही से बढ़ा लकड़ी माफियाओं का हौसला

बंगवार जंगल में वन विभाग का निरीक्षण महीनों से नहीं किया गया है। इसी का फायदा उठाकर लकड़ी माफिया सक्रिय हो चुके हैं। आए दिन बड़े–बड़े हरे-भरे पेड़ों का कत्लेआम कर लकड़ी को साइकिल के माध्यम से चोरी-छिपे किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में मशीन की आवाजें अक्सर सुनाई देती हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की आंखों पर पट्टी बंधी है।

### ग्रामीणों में बढ़ रही नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे अवैध खनन और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जंगल की हरियाली नष्ट हो रही है और पर्यावरण पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। बरसात में इन नालों और नदियों से रेत चोरी होने से जलधाराएं भी प्रभावित हो रही हैं। वहीं, जंगल की लगातार कटाई से जंगली जानवर गांवों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे मानव–वन्यजीव संघर्ष की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है।

### कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने शासन–प्रशासन से मांग की है कि तत्काल अवैध खनन और लकड़ी माफियाओं पर लगाम लगाई जाए। साथ ही भ्रष्टाचार में लिप्त बीट गार्ड और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# खंडहर बनता सामुदायिक भवन, पूर्व अध्यक्ष हंसराज तनवर का फूटा दर्द







**धनपुरी।** नगर पालिका धनपुरी के पूर्व अध्यक्ष हंसराज तनवर ने अपने बड़े सुपुत्र स्व. राहुल तनवर की स्मृति में वर्ष 2016 में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था। इस भवन का लोकार्पण पूर्व लोकसभा सांसद स्व. दलपत सिंह परस्ते के करकमलों से संपन्न हुआ था। 2017 में इसे माँ ज्वालामुखी मंदिर समिति को सौंप दिया गया।

शुरुआती वर्षों में यह भवन वार्ड नंबर 23, 24 और 25 के वार्डवासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं था। ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण में स्थित होने के कारण शादी-विवाह, धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों और प्रशासनिक कार्यों तक में इसका उपयोग हुआ। स्थानीय लोगों ने इसे बेहद उपयोगी बताया।

लेकिन आज स्थिति बिल्कुल उलट है। भवन की छत की सीटें उड़ चुकी हैं, शेष बची सीटें भी धीरे-धीरे गिर रही हैं। अंदर से वॉश बेसिन तक चोरी हो गया है और बरसात का पानी सीधे भवन के भीतर घुसकर उसकी स्थिति और बदतर बना रहा है।

पूर्व अध्यक्ष हंसराज तनवर का कहना है कि यह भवन किराये से आय उत्पन्न करता है, इसके बावजूद न नगरपालिका और न ही मंदिर समिति ने इसकी मरम्मत और देखरेख की ओर कोई ध्यान दिया।

तनवर ने कहा –यदि जल्द मेंटेनेंस नहीं कराया गया, तो मैं स्वयं इस भवन की मरम्मत करवाकर इसे माँ ज्वालामुखी वार्डवासियों को सौंप दूँगा। बार-बार कहने पर भी जब ध्यान नहीं दिया गया, तो अब मुझे ही कदम उठाना पड़ेगा। बना न सको तो बिगाड़ो भी मत।"

# प्रदेश में जनसंघ के समय से संघर्षशील अटल वटवृक्ष का धीरज पटेरिया ने घर-घर जाकर किया सम्मान

**धीरज पटेरिया के सम्मान से पूर्व सांसद, मंत्री ज्ञान सिंह के आंखों में छलका आंसू**

**उमरिया।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता धीरज पटेरिया ने पूरे मध्यप्रदेश में जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी में कार्य करने वाले वरिस्ठ जनों का देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में भाजपा नेता धीरज पटेरिया ने अटल कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम को लेकर उमरिया पहुँचे जहाँ भाजपा कार्यकर्ता,बसंत तिवारी, पीयूष तिवारी,हेमंत तिवारी के नेतृत्व सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ शहडोल से स्वागत कर काफ़िले के साथ घुनघुटी पहुँचकर उमरिया जिले के प्रथम जिला अध्यक्ष श्री सत्यनारायण शिवहरे जी के निवाश जाकर उनका आशीर्वाद लेकर उनका ताम्रपात्र शाल श्रीफल से स्वागत किये इस दौरान ग्रामीण मण्डल के भाजपा नेता अभय शिवहरे, के साथ अजय बर्मा,कमलेश सिंह,दीनदयाल सिंह,अभिषेक शिवहरे,अहिबरन सिंह,सन्नी शुक्ला,श्रेस्ठ शिवहरे ने धीरज पटेरिया का जोरदार स्वागत किया। जिसके उपरान्त भाजपा नेता धीरज पटेरिया पाली पहुँचे जहाँ बसंत तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर ढोल नगाडे पटाख़ों माता बिरासनी देवी के दर्शन के विश्राम गृह में स्वागत किया गया। श्री पटेरिया ने संबोधित

### भारत रत्न प्रधानमंत्री अटल जी के जन्म शताब्दी पर अटल कार्यकर्ता सम्मान पटेरिया जी की सोच

हमारे प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी का वर्ष है तो हम सब उन कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर जिन्होंने जनसंघ की राष्ट्रवादी ध्वजा को थाम कर गांव गांव जाकर पैदल चलकर तकलीफें सहकार प्रताड़ना सहकार संगठन का काम खड़ा किया और गांव तक विचारधारा को पहुंचाया,उन कार्यकर्ताओं के घर-घर पहुंचकर हम उनका अभिनंदन कर रहे हैं हमारे इस अभियान में कोई मंचीय कार्यक्रम नहीं है इसमें प्रत्येक जो भी हम जनसंघ के वटवृक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं उनके हम निवास पर पहुंचेंगे और उनका अभिनंदन उनके दर्शन करके खुद को गौरवान्वित करेंगे।

### मध्य प्रदेश के सिंगरौली से हुई थी कार्यक्रम की शुरुआत

इस अटल कार्यकर्ता सम्मान की शुरुआत प्रदेश के



सिंगरौली जिले से हुई थी। और सिंगरौली के बाद सीधी, मऊगंज, रीवा, सतना अनूपपुर,शहडोल और आज हमारा आठवां जिला उमरिया पहुंचे हैं उमरिया पार्टी ने कार्यक्रम तैयार किया। वैसे तो कहीं कवि सम्मेलन हुआ विचार गोष्ठी हुई कार्यकर्ताओं सम्मान भी हुआ हमारे मन मे विचार आया कि हम पूरे प्रदेश में ऐसा कार्यक्रम करें और सभी अटल कार्यकर्ता के घर मे जाकर देखा रजत पत्र से सभी जनसंघ से लेकर भाजपा तक के सफर का तय करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अटल कार्यकर्ता के रूप में उनके घर पर ही उनका सम्मान कर रहा हूँ। जिन्होंने पार्टी को यहां तक पहुचाया हम उनके घर तक जाकर सम्मान करें ये हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी और अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि ऐसे लोगो का दर्शन पाकर अभिभूत हो गया। बता दें कि जनसंघ से भाजपा तक निरंतर सक्रिय रहते हुए समाज एवं संगठन के लिए अपने त्याग, तपस्या और बलिदान से नन्हें बीज से वटबृक्ष का स्वरूप प्रदान करने बाले उमरिया जिले के वरिष्ठ नेता श्री ज्ञान सिंह जी जो 7 बार विधायक, दो बार सांसद,2 बार मंत्री और एक बार विधान सभा अध्यक्ष रहे नेता श्रीज्ञान सिंह जी का शाल श्रीफल एवं ताम्रपात्र से सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**ताम्रपात्र से सम्मानित जनसंघ से भाजपा में कार्य करने वाले वटवृक्षः पूर्व सांसद श्री ज्ञान सिंह**

जिले के प्रथम पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शिवहरे,अर्जुन दास बजाज,जसन दास वासवानी,दिनेश त्रिपाठी, कैलाश द्विवेदी, गुलाब चंद वासवानी का ताम्रपात्र शाल श्रीफल से स्वागत कर धीरज पटेरिया ने उनसे आशीर्वाद लिया हैं ।

### शॉल श्री फल से सम्मानित अटल कार्यकर्ता

श्री प्रेम सिंह जी,श्री हरिहर सिंह जी,स्व० श्री भागचंद सैनी जी,स्व० श्री बिहारी लाल अग्रवाल जी,स्व० श्री भागीरथ सिंह जी,स्व० श्री मुसाफिर राय जी, सुरेश अवधिया भाई जी, स्व० गोवर्धन दास जी वरिष्ठ भाजपा नेता सरजू अग्रवाल, मिथलेश पयासी, सुदामा विश्वकर्मा, कालिका बहादुर सिंह, राधा तिवारी मंडल अध्यक्ष भाजपा, विमल अग्रवाल मंडल महामंत्री पाली,शकुंतला प्रधान नगर पालिका अध्यक्ष , उपाध्यक्ष राजेश पटेल नगर पालिका परिषद पाली, पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष सिंह,शैलू सिंह,पंडित प्रकाश पालीवाल,श्रीधर राव, प्रदीप सोनकर,संतोष यादव (लल्ली),राजेश दास, राजेश पटेल (लाला),बसंत तिवारी जिला अध्यक्ष परशुराम कल्याण बोर्ड, पीयूष तिवारी (अभिषेक) ,संजय लालवानी, हेमंत तिवारी,कमल लालवानी,राम मिलन यादव, अर्जुन सिंह,सुजीत भदौरिया, अनुभव शुक्ला, रसीद खान ,पार्षद भरत प्रजापति,अंजू पटेल,प्रेम लता बर्मन सम्मानित हुये।

## खबर संक्षेप

### 14 महीने से रूके वेतन पाने 50 से अधिक मजदूरों ने दिया धरना



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के कोतमा जनपद में मनरेगा मजदूरी के भुगतान को लेकर विवाद सामने आया है। निगवानी ग्राम पंचायत के 50 से अधिक महिला और पुरुष मजदूर जनपद कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गये। मजदूरों का आरोप था कि पिछले 14 महीनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जनपद सदस्य रिंकू रामजी मिश्रा ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के लिए सामग्री और मजदूरी का भुगतान दिखाया गया है, लेकिन फर्जी मस्टररोल के जरिए भुगतान किया गया और वास्तविक मजदूरों को मजदूरी नहीं मिली। हालांकि इस मामले मे कोतमा जनपद की सीईओ ममता मिश्रा ने संज्ञान लिया है। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर मजदूरों को भुगतान करने का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषी पाए जाने वाले रोजगार सहायक या अन्य कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### कोतमा पुलिस ने अवैध शराब विक्रेता पर की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों एवं अन्य अवैध गतिविधियों का संचालन करने वालों के विरूध्द अभियान चलाकर कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में 3 सितंबर को थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल को विश्सवनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई वार्ड क्र0 08 तेलियान टोला कोतमा का मुन्ना लाल साहू पिता स्व0 पन्नालाल साहू अपने घर पर बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बेचने के लिए रखा है। प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी कोतमा द्वारा त्वरित कार्यवाही करने हेतु टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा तलाशी पर मुन्नालाल साहू के घर मे कार्टून में 37 पाव रायल स्टेज अंग्रेजी शराब, 11 बाटल मेकडावल एवं एक झोला में 33 पाव मेकडावल नं0 01 कुल अंग्रेजी शराब 20.850 लीटर कीमत 25050 की मिलने पर आरोपी मुन्नालाल साहू पिता स्व. पन्नालाल साहू एवं उसके लड़के राहूल साहू पिता मुन्नालाल साहू दोनो निवासी वार्ड क्र0 08 कोतमा के विरूध्द धारा 34(1) आबकारी एक्ट अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा निरी.रत्नाम्बर शुक्ल के साथ सउनि सुखीनंद यादव, प्र.आर. रामखेलावन यादव, दिनेश राठौर, युजीन लकड़ा, आर. राकेश, चा.आर. अनिल मरावी की भूमिका रही।

### अमरकंटक में अवैध वन कटाई से मौसम में हो रहा परिवर्तन



**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के उद्गम स्थल और महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल अमरकंटक में अवैध वन कटाई की घटनाओं ने न केवल स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में डाल दिया है, बल्कि इसके विशिष्ट मौसम में भी महत्वपूर्ण बदलाव ला रहे हैं। पर्यावरणविदों और स्थानीय समुदाय ने इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। अमरकंटक का घना वन क्षेत्र, जो 'अचानकमार-अमरकंटक संरक्षित जैवमंडल' का हिस्सा है, अपनी औषधीय वनस्पतियों और जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यह क्षेत्र न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि यह नर्मदा जैसी कई नदियों का जल स्रोत भी है। हालांकि, पिछले कुछ समय से लकड़ी माफिया और अनियंत्रित शहरीकरण के कारण पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई हो रही है।

**जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत**

स्थानीय लोगों के अनुसार, अमरकंटक में अब पहले जैसी ठंड नहीं पड़ती। गर्मियों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का सहारा लेना पड़ रहा है। वनों के घनत्व में कमी से वर्षा चक्र प्रभावित हो रहा है। वार्षिक औसत वर्षा में गिरावट आई है, जिससे भूमिगत जल स्तर भी नीचे चला गया है। दिसंबर से जून तक के महीनों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। वनों के नष्ट होने से जंगली जानवर, जैसे कि बाघ, भालू और चीतल, अपने आवास से पलायन कर रहे हैं।

---

**कबाड़ी बंधुओं ने चोरी का माल खपाने का उठाया बीड़ा**

# जिला मुख्यालय के दोनों कोने में कबाड़ियों ने खोली दुकान

**पुलिस की सरपरस्ती में गोलू कबाड़ी के पौ बारह, गजब का मैनेजमेंट का खेल**

दशकों से जिला मुख्यालय में कबाड़ के कारोबार का केन्द्र बिन्दु रहे जहां पटौरा टोला मे एक भाई ने कबाड़ का दुकान खोला हुआ है तो दूसरा छोटा भाई गोलू शहर के दूसरे कोने वार्ड नंबर 14 आरसीएम के बगल मे कबाड़ का दुकान खोलकर आये दिन स्क्रैप, चोरी के लोहे सायकिल खरीद रहा है। हालांकि कबाड़ बंधुओं का कारोबार बहुत पुराना है।





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

पहले सिर्फ अनूपपुर शहर तक सीमित रहे धोखाधड़ी के इस कारोबार में अब शहर सहित जिले की सीमाएं लांघ ली है। हालात यह है कि मुख्यालय के साथ साथ जिले भर के कबाड़ के ठीहों का अब गोलू केन्द्र बिन्दु बन गया है। किस दुकान में कितना चोरी का माल खरीदा गया और वह किस गाडी से किस दर पर कहां पलटी होगा और जबलपुर की मंडी में कैसे पहुंचेगा यह सब गोलू के इशारो पर होता है।

**गोलू की सजी दुकान**

जिला मुख्यालय में इन दिनो कबाड़ के व्यापार पुलिस के शह पर जोरो पर है। जिला मुख्यालय मे स्थित गोलू कबाडी के अड्डे में कोयलंचल क्षेत्रों से पिछले कई सालों से कॉलरी के कलपुर्जो, कबाड़ आदि को बदतस्तूर चोरी कर लाया जाता है। देखा जाये तो अनूपपुर में पुलिस के नाक के नीचे कबाड़ का गोरखधंधा पिछले कई वर्षो से चल रहा है। ऐसा नहीं है कि पुलिस को इस बात कि जानकारी नही है। बड़े-बड़े ट्रक और गाडिय़ों में हर तीसरे और चौथे दिन कबाड़ से भरी गाडी जाती है। ऐसा नहीं है कि पुलिस को जानकारी न हो कि मुख्यालय के बीच शहर मे अपना कारोबार कर रहा है। अगर इस ओर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है तो इससे साफ पता चलता है कि पुलिस की मिली भगत से यह खेल चलता है। जिससे बड़े कबाड़यिों द्वारा खदान के आये दिन लौह सामग्री व बेशकीमती मशीन उपकरण की चोरी करवाया जाता है तथा दिन दहाड़े ही गाड़ी में लोड कर अन्य स्थानों के लिए निकल जाते है। वैसे तो कहने को गोलू का एक ही ठीहा जिला मुख्यालय में है परन्तु जिले भर मे गोलू के कई अवैध ठीहे संचालित हो रहे है।

**चोरी के सामानों को ठिकाने लगाता है गोलू**

शहर में इन दिनों चोरी के सामान का ठिकाना लगाने का काम धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है। पुलिस के आंखों के नीचे कबाड़ी दुकानों की आड़ में इस गोरखधंधे का संचालन किया जाता है। शहर में दर्जनों कबाड़ की दुकाने खुली हुई है। कहने के लिए तो दुकान पुरानी कबाड़ खरीदने व बेचने का बताया जाता है पर दुकान के अंदर कुछ और ही मुख्य धंधा चलता है। कबाड़ दुकान में भारी मशीनो के पार्ट और तांबे, सिल्वर के तार के साथ अन्य सामानों को डिस्मेंटल करने का कार्य किया जाता है।

**दुर्घटना ने खोला गोलू के कारनामों का राज**

कोयलांचल नगरी में कालरी से लाखों करोड़ों के कबाड़ की चोरी लगातार हो रही है। जिसका ज्वलंत उदाहरण 30 अगस्त को सुबह करीब 7 बजे बिजुरी कोतमा की ओर से अनूपपुर की ओर जा रही पिकअप एमपी 65 जीए 2265 जिसका चालक कृष्ण पाल सिंह था जो कालरी का कई टन चोरी का बेशकीमती लोहा लेकर अनूपपुर की ओर जा रहा था तभी नेशनल हाईवे मे बदरा जमुना तिराहा के पास अनूपपुर की ओर से आ रही एक कार एमपी 65 सी 4736 पिकअप कर से टकरा गई और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस टक्कर से पिकअप में लदा कबाड़ कुछ गिर गया और कबाड़ चोरों की पोल खुल गई। इससे यह तो पता चल गया कि कबाड़ चोरी का काम जोरों पर चल रहा है। यह एक्सीडेंट हुआ तो पता चला वरना कितना चोरी का माल प्रतिदिन निकलता है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

**गजब का मैनेजमेंट का खेल**

जानकर हैरानी होगी कि जैसे ही कबाड़ भरा पिकअप कार से टकराया उसके मात्र 10 मिनट बाद ही वहां पर कबाड़ के आदमी और जेसीबी मशीन आई और वह पिकअप को उठाकर ले गई और दूसरी और एक पिकअप भी तुरंत आई जिसमें बचा हुआ कबाड़ कबाड़ चोरों ने तत्काल लादकर वहां से ले गए। कहां ले गए क्या कार्यवाही हुई किसी को कानो कान खबर नही हुई। जबकि सूत्रों के अनुसार यह कबाड़ अनूपपुर के कबाड़ माफिया गोलू कबाड़ी का ही था जिसे उसी के कबाड़ दुकान मे अण्डर ग्राउण्ड कर दिया गया।

**पुलिस नहीं करती कार्रवाई**

शहर में खुले कबाड़ी दुकानों की जांच पुलिस द्वारा नहीं की जाती है। कोतवाली अंतर्गत कबाड के ठीहों में प्रतिदिन लाखों के चोरी का सामान आता है, जिसे डिसमेंटल कर बेच दिया जाता है। पटौरा टोला मे एक कबाड़ का दुकान कोतवाली से महज 500 मीटर की दूरी पर तो दूसरे छोटे भाई गोलू का कबाड़ दुकान कोतवाली से एक किलोमीटर के दायरे है परंतु कबाड के इन ठीहों पर पुलिस की नजर नही पड़ती। बताया जाता है कि बाकायदा सेटिंग के बूते गोलू अपनी कबाड की दुकान धड़ल्ले से चलाता है।

---

**शिकार के लिए जंगल में बिछाये जाल में खुद ही फंसे आरोपी**

# पकड़े गए तीनों आरोपियों को भेजा गया जेल, फरार आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



वन परिक्षेत्र जैतहरी के गोबरी बीट अंतर्गत जंगल में रात के समय शिकार के उद्देश्य से जीआई तार से खूंटी को जंगल में गाड़ कर बिछाए गए जाल की सूचना पर वनविभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से शिकार करने के लिए उपयोग मे लिए जाने वाले सामग्रियों को जप्त करते हुए न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। प्रकरण में अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं। घटना के संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा ने बताया कि एक सितंबर की रात मुखबिर में सूचना मिली कि गोबरी बीट के गोबरार नाला के पास कक्ष क्रमांक आरएफ 303 में शिकारियों द्वारा जैतहरी से गोबरी होकर अन्य ग्रामीण अंचलों में जाने वाली बड़ी विद्युत लाईन के समीप जंगली जानवरों के शिकार करने के उद्देश्य शिकारियों द्वारा जीआई तार में बांस की खूटी में रबड़ बांधकर जंगल में जमीन में जाल लगाया है की सूचना परिक्षेत्र सहायक जैतहरी पूरन सिंह मरावी, गोबरी बीट के वनरक्षक कुंदन शर्मा,राकेश प्रसाद शुक्ला अन्य सहयोगियों के साथ स्थल पर पहुंचकर बांस की डगनी, जीआई तार में बांस की खूंटी को बरामद कर आरोपियों की तलाश की गई। इस दौरान शहडोल के डांग एस्कॉर्ट जिनी से डांग हैंडलर राजकमल पयासी द्वारा परीक्षण किए जाने पर ग्राम झाईताल थाना जैतहरी के गुलाब पिता दादूराम सिंह 41 वर्ष,अर्जुन पिता कम्मू चौधरी 30 वर्ष के घर से शिकार के लिए उपयोग किए जाने वाली सामग्री बरामद किया गया। दोनों के साथ में मंगल पिता रामलाल अगरिया 41 वर्ष के अन्य कुछ लोगों के साथ गोबरी के गोबरार नाला के समीप जंगल में शिकार के लिए लगाया गया था। तीनों आरोपियों को सामग्री सहित अभिरक्षा में लेते हुए वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओ के तहत कार्यवाही कर अनूपपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया तीनों आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर बुधवार की रात जिला जेल भेजा गया शिकार के प्रयास में संलिप्त अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा के साथ परि,सहायक जैतहरी पूरन सिंह मरावी, डाग एस्कॉर्ट जिनी के साथ डाग हैंडलर राजकमल पयासी, वनरक्षक कुंदन शर्मा, राकेश प्रसाद शुक्ला, कोमल सिंह, रामनिवास बैगा एवं सत्येंद्र मिश्रा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

---

**जीएसटी सुधार को अनिल गुप्ता ने बताया आर्थिक क्रांति**

# किसान और मध्यम वर्ग की थाली से लेकर घर तक पहुँचाई राहत

हरिभुमि न्यूज अनूपपुर।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने जीएसटी काउंसिल में लिए गए ताज़ा फैसलों को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी करार दिया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने आमजन की तकलीफ़ों को समझते हुए न केवल टैक्स ढांचा सरल बनाया है, बल्कि जनता की जेब पर पड़ने वाला बोझ भी घटाया है। गुप्ता ने कहा कि जीएसटी दरों को घटाकर केवल दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत करना जनता के लिए सबसे बड़ा सुधार है। इससे टैक्स प्रणाली समझने में आसान होगी और व्यापारियों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि 175 से अधिक वस्तुओं पर जीएसटी कम करने का निर्णय आम आदमी की थाली और जेब दोनों को हल्का करेगा।

**आमजन और किसानों को सीधा लाभ**

भाजपा नेता ने कहा कि रोटी-पराठा,



दूध और जीवन रक्षक दवाओं पर टैक्स पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। वहीं कृषि उपकरणों और किसानों की ज़रूरी वस्तुएं बेहद कम दरों पर उपलब्ध होंगी। उनका मानना है कि जब किसान को सस्ता बीज और मशीनें मिलेंगी और मजदूर का राशन सस्ता होगा, तब देश की अर्थव्यवस्था स्वतः मजबूत होगी। अनिल गुप्ता ने बताया कि घर बनाने वालों के लिए सीमेंट व निर्माण सामग्री पर टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लिए घर बनाना आसान होगा। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल, टीवी और एसी जैसी वस्तुएं अब आम आदमी की पहुंच में आएंगी।

**स्वास्थ्य और भविष्य की सोच**

उन्होंने कहा कि जहां सरकार ने जनता को राहत दी है, वहीं तंबाकू और शराब जैसी हानिकारक वस्तुओं पर भारी टैक्स लगाकर स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ समाज की नींव रखेगा। अनूपपुर और शहडोल सहित ग्रामीण इलाकों में भी किसानों व मजदूरों को इस सुधार से सीधा लाभ मिलेगा। गुप्ता ने कहा कि यह असली सुशासन है, जिसमें गांव का किसान और शहर का व्यापारी दोनों तरक्की करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत और शेयर बाजार ने भी इस कदम का स्वागत किया है। आने वाले महीनों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश की जीडीपी मजबूत होगी। गुप्ता ने कहा, "यह केवल सुधार नहीं बल्कि आर्थिक क्रांति है। भाजपा सरकार ने जनता का विश्वास और मजबूत कर दिया है।

---



# किसान संगठनों से निरंतर संपर्क व संवाद करने अपर कलेक्टर के निर्देश

**उर्वरक की कालाबाजारी पर करें सख्त कार्यवाही, कल मिलेगी 450 मैट्रिक टन यूरिया**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने मध्यप्रदेश किसान संगठन के प्रतिनिधियों के साथ अनूपपुर जिले में उर्वरक उपलब्धता और वितरण व्यवस्था के संबंध में बैठक लेकर किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से निरंतर संवाद स्थापित करने के निर्देश कृषि, सहकारिता एवं म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ के अधिकारियों को दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की पुख्ता निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को उनकी जरूरत का उर्वरक उन्हें उपलब्ध हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर श्री पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह डबल लॉक पैक्स एवं निजी विक्रय केन्द्रों का आकस्मिक सत्यापन करने के साथ ही उनकी गहन मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने कृषि, सहकारी बैंक, विपणन संघ के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के सतत संपर्क में रहकर उर्वरक वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखें। जिले में यूरिया सहित सभी प्रकार के उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है, सभी किसानों को जरूरत के मुताबिक उर्वरक मुहैया कराई जाएगी।

**कल मिलेगी 450 मैट्रिक टन यूरिया**

बैठक में चर्चा के दौरान उप संचालक कृषि ने बताया कि शनिवार को अनूपपुर जिले में 450 मेट्रिक टन यूरिया की एक और खेप झुकेही रैंक पॉइंट से अनूपपुर आएगी तथा किसानों को समुचित रूप से यूरिया का वितरण किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण, टैगिंग एवं नकली उर्वरक विक्रेताओं और इस कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए तथा इस पर सतत रूप से निगरानी भी रखी जाए जिससे जिले में उर्वरक को लेकर किसी प्रकार की कालाबाजारी ना हो सके।

**जिले में 7.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 7.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 3.2 मिली मीटर, कोतमा में 14 मिली मीटर, बिजुरी में 16.4 मिली मीटर, जैतहरी में 8.2 मिली मीटर, वेंकटनगर में 7.5 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 4.2 मिली मीटर, अमरकंटक में 4.4 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 1.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

---

# नीलकंठ कंपनी की मनमानी पर अंकुश लगाने भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

**महाप्रबंधक के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ मामला, दिया समस्याओं के समाधान का भरोसा**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के आमाडांड खुली खदान परियोजना में कार्यरत नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी तथा एसईसीएल की मनमानी एवं क्षेत्र की उपेक्षा किए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राजनगर ग्रामीण श्रीमती सुषमा जोशी के नेतृत्व में 4 सितंबर को भाद तिराहा निमहा ग्राम पंचायत के पास विरोध प्रदर्शन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 10 सूत्रीय मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन स्थल पर एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक ने पहुंचकर सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिया तब जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन को समाप्त किया।

**आंदोलन के बाद जागा प्रबंधन**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राजनगर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुषमा जोशी के द्वारा 15 दिन पूर्व एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं जिला प्रशासन को एसईसीएल कंपनी एवं नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड द्वारा क्षेत्र की की जा रही उपेक्षा और मनमानी के विरोध में पत्र सौपा गया था लेकिन उस पर कोई पहल नहीं हो रही थी जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को आज सड़क पर उतरकर विरोध का रास्ता अपनाना पड़ा इसके बाद एसईसीएल प्रबंधन एवं नीलकंठ कंपनी कुंभकर्णी निद्रा से जगा और समस्याओं के समाधान पर बात की।

**कंपनी के सामने रखी प्रमुख मांगे**

भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुषमा जोशी ने एसईसीएल एवं नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी के सामने प्रमुख रूप से मांगों को रखते हुए मांग किया कि हमारे क्षेत्र की कीमती जमीनों को अधिग्रहित किया गया है लेकिन आज भी हमारे क्षेत्र के युवा बेरोजगार घूम रहे और उन्हें रोजगार से वंचित रखा गया है। उन्हें रोजगार पर लगाया जाए। नीलकंठ कंपनी के भारी वाहनों के कारण ग्रामीण क्षेत्र की सड़क खराब हो चुकी है और आवागमन करने में ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जिसे तत्काल बनवाया जाए। सड़क मार्ग के किनारे स्टेट लाइट लगाने की व्यवस्था बनाई जाए जिससे कि आवागमन करने में लोगों को सुविधा हो सके। नीलकंठ कंपनी के वाहनों से कोयल का परिवहन किया जा रहा है जिसके कारण भारी प्रदूषण हो रहा है प्रदूषण के रोकने के उपाय किए जाएं मूलभूत सुविधाओं के लिए सीएसआर मद का उपयोग हमारे ग्रामीण क्षेत्र में किया जाए जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र का उत्थान हो सके क्षेत्र में बिजली पानी की व्यवहार सुचारू रूप से व्यवस्था के साथ जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है उन्हें तत्काल नौकरी और मुआवजा प्रदान किया जाए जैसे मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

**प्रबंधन ने मांगा समय**

मंडल अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किए गए मांग पत्र पर एसईसीएल जमुना कोतमा में क्षेत्र के महाप्रबंधक ने मौके पर पहुंचकर 15 दिवस का समय मांगा है और समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया है इसके बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को समाप्त किया और चेतावनी दी कि यदि दिए गए समय पर मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आगामी समय में पुनः आंदोलन के लिए संगठन को बाध्य होना पड़ेगा।